माननीय अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज की अध्यक्षता में दिनांक 15.07.2025 को सम्पन्न संस्थान की प्रशासकीय परिषद की छठवीं बैठक का कार्यवृत्तः

बैठक में निम्न सदस्यगण उपस्थित हुएः-

| | | |
|---|---|---|
| 01 | श्री आशीष पटेल<br>मा0 मंत्री जी प्राविधिक शिक्षा<br>उत्तर प्रदेश | अध्यक्ष |
| 02 | श्री नरेन्द्र भूषण, आई0ए0एस0<br>अपर मुख्य सचिव<br>प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश | उपाध्यक्ष |
| 03 | श्री अविनाश कृष्ण सिंह, आई0ए0एस0<br>महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 04 | श्री विनोद कुमार सिंह, आई0ए0एस0<br>विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश | सदस्य |
| 05 | प्रो0 जे0 पी0 पाण्डेय<br>कुलपति, डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम<br>प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ। | सदस्य |
| 06 | श्री मनोज कुमार त्रिपाठी<br>अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन कानपुर<br>(प्रमुख सचिव वित्त विभाग द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 07 | प्रो0 सुनील कुमार<br>सेवानिवृत्त प्रोफेसर, एच0बी0टी0यू0कानपुर | सदस्य |
| 08 | प्रो0 कुलदीप सहाय<br>निदेशक, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, बस्ती | सदस्य |
| 09 | डा0 अरूण कुमार सिंह<br>एसोसिएट प्रोफेसर, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज कन्नौज | सदस्य |
| 10 | प्रो0 मनोज कुमार शुक्ला<br>निदेशक, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज | सदस्य सचिव |

सर्वप्रथम सदस्य सचिव एवं निदेशक, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज कन्नौज द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

**06.01** दिनांक 19 अक्टूबर 2023 को सम्पन्न प्रशासकीय परिषद की पॉचवीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।

संस्थान की प्रशासकीय परिषद की पाँचवी बैठक दिनॉक 19.10.2023 को सम्पन्न हुई। पाँचवी बैठक के कार्यवृत्त पर मा0 सदस्यों से कोई टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई है। सूचना से अवगत होते हुए प्रशासकीय परिषद द्वारा कार्यवृत्त का पुष्टिकरण करते हुए अनुमोदन प्रदान किया गया।

**06.02 प्रशासकीय परिषद की पॉचवीं बैठक के कार्यवृत्त में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही। राजकीय इंजीनियरिंग कालेज कन्नौज की प्रशासकीय परिषद की दिनांक** 19.10.2023 **को सम्पन्न पॉचवीं बैठक में लिए गये निर्णयों पर संस्थान द्वारा कृत कार्यवाही से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई।**

माननीय अध्यक्ष प्रशासकीय परिषद एवं माननीय मंत्री जी द्वारा निर्देश दिया गया कि संस्थान की प्रशासकीय परिषद की बैठक 03 माह के अन्तराल में अवश्य आहूत की जाये।

06.03 **प्रशासकीय परिषद की दिनांक 19.10.2023 को सम्पन्न पॉचवी बैठक से अद्यतन की विभिन्न गतिविधियों से परिषद को अवगत कराया जाना।**

दिनांक 19.10.2023 को सम्पन्न पाँचवी बैठक के पश्चात से अद्यतन संस्थान द्वारा की गयी विभिन्न गतिविधियों से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई एवं प्रशंसा व्यक्त की।

**06.04 प्राविधिक शिक्षा विभाग उ0प्र0 शासन द्वारा अंगीकृत मॉडल बायलॉज को अंगीकृत करने एवं और पूर्व में प्रख्यापित संस्थान के बायलॉज को अवक्रमित किये जाने पर विचार एवं अनुमोदन।**

राजकीय इंजीनियरिंग कालेज कन्नौज हेतु पूर्व में प्रख्यापित बायलॉज को अवक्रमित करते हुए शासन द्वारा वित्तपोषित समस्त राजकीय इंजीनियरिंग कालेजों / अभियंत्रण संस्थाओं हेतु तैयार किए गये माडल बायलॉज को प्रशासकीय परिषद द्वारा अंगीकृत किया गया।

**6.05 दिनांक 30-04-2025 को सम्पन्न संस्थान की वित्त समिति की आठवीं बैठक के कार्यवृत्त से परिषद को अवगत कराये जाने तथा अनुमोदन के सम्बन्ध मे।**

राजकीय इंजीनियरिंग कालेज की वित्त समिति की दिनांक 30.04.2025 को सम्पन्न आठवीं बैठक की अध्यक्ष वित्त समिति से अनुमोदित कार्यवृत्त से प्रशासकीय परिषद को अवगत कराया गया।

उक्त से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई एवं कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**06.06 संस्थान मे कार्यरत एसोसिएट प्रोफेसर एवं सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत संकाय सदस्यों को नवीन माडल बायलॉज मे निहित चयन समिति के माध्यम से कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (CAS) के द्वारा प्रोन्नति हेतु विचार एवं अनुमोदन।**

संस्थान में सहायक प्रोफेसर एवं एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत संकाय सदस्यों जो अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद की कैरियर एड़वांसमेंट स्कीम (**CAS**) के अन्तर्गत प्रोन्नत हेतु अर्हता पूर्ण करते है, उन्हें संगत शासनादेश का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए शासन एवं प्रशासकीय परिषद द्वारा अंगीकृत किए गये नवीन मॉडल बायलॉज में निहित व्यवस्था के तहत चयन विधिवत चयन समिति का गठन कर प्रोन्नत की प्रक्रिया संचालित कर समय से कार्यवाही पूर्ण किए जाने हेतु सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की गयी।

**06.07 उ0प्र0 अधिनस्थ सेवा चयन आयोग अधिनियम 2014 के प्रावधानों के आलोक मे शिक्षणेत्तर समूह 'ग' व 'घ' (तकनीकी/गैर तकनीकी) पदों पर चयन हेतु शासन द्वारा गठित समिति द्वारा तैयार किये गये मानक सेवा नियमावली पर विचार एवं सैद्धांतिक स्वीकृति।**

शासन द्वारा गठित समिति द्वारा प्राविधिक शिक्षा विभाग के डिग्री सेक्टर के अन्तर्गत संचालित प्राविधिक विश्वविद्यालयों एवं राजकीय इंजीनियरिंग कालेजो / अभियंत्रण संस्थानों में शिक्षणेत्तर समूह ग व समूह घ (तकनीकी एवं गैर तकनीकी ) पदो पर चयन हेतु बायलॉज, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा की विनियमन / अधिनियिम एवं उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग अधिनियम 2014 के प्रावाधानों के आलोक में प्रावधिक शिक्षा विभाग द्वारा तैयार कराये गये मानक सेवा नियमावली के आलेख पर प्रशासकीय परिषद द्वारा सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की गयी।

**06.08 एफ0डी0पी0/कान्फ्रेन्स/सेमिनार एवं संस्थान की विभिन्न समितियों में प्रतिभागी सदस्यों/विषयक विशेषज्ञों का मानदेय एवं सिटिंग चार्ज विश्वविद्यालय एवं प्रदेश के अन्य संस्थानों की भांति अनुमन्य किये जाने हेतु प्रस्ताव।**

संस्थान में समय – समय पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के वर्कशाप, गोष्ठियों एवं विभिन्न बैठकों में प्रतिभाग करने वाले विशेषज्ञों तथा संस्थान के विभिन्न समितियों के सदस्यों को प्रति लेक्चर / प्रतिदिन का मानदेय प्रदेश के अन्य अभियंत्रण संस्थानों प्राख्यापित मानदेय धनराशि के अनुसार निर्धारित किए जाने हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव पर प्रशासकीय परिषद द्वारा यह निर्णय लिया गया कि उक्त पर महानिदेशक / सचिव के स्तर से परीक्षणोंपरान्त मानदेय निर्धारित किया जाये।

me

**06.09 संस्थान में कार्यरत संकाय सदस्यों द्वारा सहायक प्रोफेसर के रूप में सेवा मे रहते हुए अपनी पी0एची0डी0 डिग्री पूर्ण किये हुए हैं अथवा पूर्ण करते हैं उन्हें सहायक प्रोफेसर के रूप में प्रवेश स्तर पर लागू नियम वेतन वृद्धि में तीन गैर-संयोजित वेतन वृद्धियां अनुमन्य किये जाने पर विचार।**

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (अभातशिप) नई दिल्ली की अधिसूचना दिनांक 01-03-2019 के प्रस्तर 2.22 (III) एवं शासनादेश मे निहित व्यवस्थानुसार संस्थान में कार्यरत संकाय सदस्यों द्वारा सहायक प्रोफेसर के रूप में सेवा मे रहते हुए अपनी पी0एची0डी0 डिग्री पूर्ण किये हुए हैं अथवा पूर्ण करते हैं, उन्हें सहायक प्रोफेसर के रूप में प्रवेश स्तर पर लागू नियम वेतन वृद्धि में तीन गैर-संयोजित वेतन वृद्धियां अनुमन्य किये जाने के प्रस्ताव पर प्रशासकीय परिषद द्वारा यह निर्णय लिया गया कि संस्थान निदेशक द्वारा उक्तके सम्बन्ध में प्रस्ताव महानिदेशक/ सचिव प्राविधिक शिक्षा को परीक्षण हेतु प्रेषित किया जायेगा। महानिदेशक/ सचिव के स्तर से परीक्षणोपरान्त उक्त पर निर्णय लिया जाये।

**6.10 राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज में संचालित सिविल इंजीनियरिंग एवं कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश क्षमता पूर्व की भांति यथावत रखने हेतु विचार।**

अभातशिप द्वारा जारी नवीनतम आदेश संख्या-**Northern/1-44638334660/2025 /EOA/ Corrigendum-1** दिनांक 21 मई, 2025 के अनुसार संस्थान में संचालित पाठ्यक्रम सिविल इंजीनियरिंग की प्रवेश क्षमता यथावत 60 सीट एवं कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग की प्रवेश क्षमता 90 सीट रखने की सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रशासकीय समिति द्वारा दी गयी।

**बैठक अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।**

**(प्रो0 मनोज कुमार शुक्ला)**
निदेशक एवं सदस्य-सचिव
प्रशासकीय परिषद
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज

**(नरेन्द्र भूषण)**
उपाध्यक्ष
प्रशासकीय परिषद
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज

**(आशीष पटेल)**
अध्यक्ष
प्रशासकीय परिषद
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज

**संख्या:336/बी0ओ0जी0-06/रा0इ0का0/कन्नौज/2025-26** दिनांक: 13/08/2025

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज।
2. उपाध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज।
3. प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
5. सचिव/ प्रबन्ध निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
4. विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
5. कुलपति, डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ।
6. निदेशक, भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान, कानपुर।
7. निदेशक, एम0एन0एन0आई0टी0 इलाहाबाद, प्रयागराज।
8. डा0 मोरे रामुलु, एडवाइजर-1, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली।
9. प्रो0 कुलदीप सहाय, निदेशक, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज बस्ती ।
10. प्रो0 सुनील कुमार, सेवानिवृत्त प्रोफेसर, एच0बी0टी0यू0 कानपुर ।
11. निदेशक प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर ।
12. अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन कानपुर।
13. डा0 बी0डी0के0 पात्रो, विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग, रा0इ0का0 कन्नौज।
14. डा0 अरूण कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग, रा0इ0का0 कन्नौज।

(प्रो0 मनोज कुमार शुक्ला)
निदेशक एवं सदस्य-सचिव
प्रशासकीय परिषद
राजकीय इंजी0 कालेज कन्नौज